तेरी ज्योति में वो जादू है तकदीर बना देती है

तेरी ज्योति में वो जादू है तकदीर बना देती है

तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है,
जगमग जलती जब ज्योत तेरी,
अंधकार मिटा देती है,
तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है।

तेरी ज्योति है माँ पावन,
इससे दुनियां है माँ रौशन,
लागे सबको ही मन भावन,
मैया सारे ही अँधेरे मिटाती,
जहाँ पे ज्योति जलती है,
वहाँ पे ख़ुशियाँ मिलती है,
सबकी भक्ति पलती है,
बिगड़े काम बनाती सारे,
खुशियों का सवेरा जीवन में,
तेरी ज्योत करा देती है,
तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है।

तेरी ज्योत निराली है,
ख़ुशिया देने वाली है,
दामन भरने वाली है,
मैया पल में कमाल दिखाए,
देवता गीत तेरे गाए,
जगती चौखट पे आए,
तेरी किरपा माँ पाए,
तू ही सबको निहाल कराए,
खाली दामन हम भक्तो का,
तेरी ज्योत भरा देती है,
तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है।

तेरा हर्ष भी ये चाहे,
तेरे दर पे वो आए,
तेरी किरपा माँ पाए,
तेरे चरणों में झुक जाऊँ,
तेरी ज्योत जला के माँ,
तेरी रात जगा के माँ,
तेरी महिमा गाके माँ,
मैं भी जीवन धन्य बनाऊँ,
मुझ जैसे भटके को रस्ता,
तेरी ज्योत दिखा देती है,
तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है।

तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है,
जगमग जलती जब ज्योत तेरी,
अंधकार मिटा देती है,
तेरी ज्योति में वो जादू है,
तकदीर बना देती है।